>

Title: Regarding functioning of postal services at Urai Station in Jalaun Lok Sabha Constituency.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत उरई, जो कि जनपद जालौन का मुख्यालय है। वहां स्टेशन पर एक पोस्ट आफिस है, जिसे किन्हीं विशेष परिस्थियों के कारण हटाया जा रहा है। हजारों-लाखों उसके उपभोक्ता हैं। वहां लाखों चिट्ठियां आती हैं और वहां से अन्य शहरों और ग्रामों में जाती हैं। मैं आपके माध्यम से संचार मंत्री से अनुरोध करना चाहता हूं कि जनता और उपभोक्ताओं के हित में उस पोस्ट आफिस का कहीं और मर्जर न किया जाए ताकि जिले की जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। मेरी मांग है कि इस पोस्ट आफिस को और विकसित किया जाए ताकि हमारे क्षेत्र की जनता को ज्यादा से ज्यादा फायदा उस पोस्ट आफिस से हो सके। धन्यवाद।